B.A II HONS
Pol. Sc.

राज्य के नीति निर्देशक तत्व
Directive Principles of State Policy

राज्य नीति के निर्देशक तत्वो का उल्लेख संविधान के भाग चार के अनुच्छेद 36 से 51 मे किया गया है। संविधान निर्माताओं ने यह विचार 1937 मे निर्मित आयरलैंड के संविधान से लिया गया है। आयरलैंड के संविधान मे इसे स्पेन के संविधान से ग्रहण किया गया था। डॉ० भीमराव अम्बेडकर ने इन तत्वो को "विशेषता" वाला बताया है। मूल अधिकारो के साथ निर्देशक तत्व संविधान की आत्मा एव दर्शन है। ग्रेनविल ऑस्टिन ने निर्देशक तत्व और अधिकारो को 'संविधान की मूल आत्मा' कहा है।

निर्देशक तत्वों की विशेषताएँ

1. 'राज्य की नीति के निर्देशक तत्व' नामक इस उक्ति से यह स्पष्ट होता है कि नीतियों एवं कानूनों को बनाते समय राज्य इन तत्वों को ध्यान में रखेगा। ये संवैधानिक निर्देश

Scanned with CamScanner

या विधायिका, कार्यपालिका और प्रशासनिक मामलों में राज्य के लिए सिफारिशें तो अनुच्छेद 36 के अनुसार भाग 4 में "राज्य" शब्द का वही अर्थ है, जो मूल अधिकारों से संबंधित भाग 3 में है।

(ii) निदेशक तत्व भारत शासन अधिनियम, 1935 में उल्लिखित अनुदेशों के समान है डॉ० बी. आर. अम्बेडकर के शब्दों में निदेशक तत्व अनुदेशों के समान है जो भारत शासन अधिनियम, 1935 के अन्तर्गत ब्रिटिश सरकार द्वारा गवर्नर जनरल और भारत की औपनिवेशिक कालोनियों के गवर्नरों को जारी किए जाते थे, जिसे निदेशक तत्व कहा जाता है वह इन अनुदेशों का ही दूसरा नाम है इनमें केवल यही अंतर है कि निदेशक तत्व विधायिका और कार्यपालिका के लिए अनुदेश है।

(iii) आधुनिक लोकतांत्रिक राज्य में आर्थिक, सामाजिक और राजनीति

विषयों में निदेशक तत्व महत्वपूर्ण है इनका उद्देश्य न्याय में उच्च आदर्श, स्वतंत्रता, समानता बनाए रखना है जैसा कि संविधान की प्रस्तावना में परिकल्पित है इनका उद्देश्य लोक कल्याणकारी राज्य का निर्माण है न कि 'पुलिस राज्य', अतः राज्य के निति निर्देशक तत्व का उद्देश्य आर्थिक और सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना करना ही इनका मुख्य उद्देश्य है।

(iv) निर्देशक तत्वों की प्रकृति गैर-न्यायोचित है यानी की उन्हे लागू पर उन्हे न्यायालय द्वारा लागू नहीं कराया जा सकता। अतः सरकार इन्हे लागू करने के लिए बाध्य नही है अनुच्छेद 37 के मे कहा गया है निदेशक तत्व देश के शासन मे मूलभूत है और विधि बनाने मे इन तत्वों को लागू करना राज्य का कर्तव्य होगा।

Dr. Khushbu

Scanned with CamScanner